हरिभूमि
सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 8 अप्रैल 2026

06 पैसे वालों पर चलाओ बुल्डोजर, ठेले वालों का...



07 फसल कटौत्रा पर रार, किसान संगठन ...





## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक आज



**सागर।** भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की एक बृहद बैठक आज 8अप्रैल बुधवार को सिविल लाइन स्थित होटल आशीर्वाद में सायं 4बजे से आयोजित की गई है। जिसमें 19अप्रैल को पूर्व संध्या पर निकलने वाली वाहन रैली एवं 20अप्रैल को प्राकट्य दिवस होने वाले पूजन अभिषेक एवं शोभायात्रा की रूपरेखा तय की जायेगी सभी विप्रजनों से बैठक में शामिल होने की अपील की गई है। उक्त जानकारी पं. भरत तिवारी एवं पं. शिवप्रसाद तिवारी ने दी।

### प्रहरी संवर्ग दीक्षांत परेड समारोह आज

**सागर।** जेल प्रशिक्षण केंद्र सागर में प्रहरी संवर्ग का दीक्षांत परेड समारोह 8 अप्रैल को प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वसंत कंवर (भा.पु.से.), महानिदेशक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन जेल प्रशिक्षण केंद्र, सागर परिसर में किया जाएगा, जिसमें अधिकारी, प्रशिक्षक एवं अन्य शामिल होंगे।

### आवेदिकाओं को अनंतिम चयन पर आपत्ति

**सागर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना सागर ग्रामीण 01 अंतर्गत 03 पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 03 पद आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त थे जिनके लिए एमपी ऑनलाईन से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। एमपी ऑनलाईन से प्राप्त आवेदनों के अवलोकन एवं क्रास परीक्षण उपरांत कार्यकर्ता के 03 पदों हफसिली, इंद्रागांधी वार्ड 6 एवं महावीर वार्ड 8 शाहपुर एवं 03 पद सहायिका के जिनमें जिंदा, मसवासी एवं आमेठ-1 हेतु आवेदिकाओं का अनंतिम चयन खंड स्तरीय समिति बैठक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में किया गया है। जिन आवेदिकाओं को अनंतिम चयन सूची पर आपत्ति हो, वे अनंतिम सूची प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर एम पी ऑनलाईन चयन पोर्टल के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

### सुरखी मंडल में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दो दिवसीय शिविर का समापन

# 14 करोड़ सदस्यों के साथ भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी: जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत सुरखी मंडल में 6 और 7 अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका समापन उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए वैचारिक व संगठनात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।





प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस भी हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी की स्थापना के मूल उद्देश्यों को स्मरण करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

शिविर के द्वितीय दिवस समापन के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सागर सांसद डॉ.लता वानखेड़े ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से देश के गरीब, किसान, महिलाएं और युवा वर्ग सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने प्रशिक्षण सत्र में पार्टी के इतिहास, विचारधारा और संगठन की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है जिसने देश की राजनीति में सेवा, सुशासन और पारदर्शिता की नई परंपरा स्थापित की है।उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही राष्ट्र निर्माण का आधार होती है। जब कार्यकर्ता वैचारिक रूप से सशक्त और संगठनात्मक रूप से सक्रिय होते हैं, तभी समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करता है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज लगभग 14 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यह उपलब्धि केवल संख्या की दृष्टि से नहीं बल्कि विचार, समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करते हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को आधार बनाकर पार्टी निरंतर गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।

सत्र के समापन के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित राजनीतिक दल है, जो "राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और स्वयं अंतिम" के सिद्धांत पर कार्य करती है। पार्टी का मूल उद्देश्य भारत के सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करना है।

प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत संगठन, नियमित बैठकें और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से संगठन की गतिविधियों को प्रभावी बनाया जाएगा। साथ ही स्वच्छता, सामाजिक समरसता और जनजागरूकता से जुड़े अभियानों में भी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर बल दिया गया। बालकिशन सोनी द्वारा आईटी सेल सोशल मीडिया एप्प नमो एप्प, संगठन एप्प की विस्तृत जानकारी दी।



### पं. हरिवल्लभ सिलाकारी की स्मृति में सम्मान समारोह आयोजित, उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हुआ सम्मान

**सागर।** पं. हरिवल्लभ सिलाकारी जी की स्मृति में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रवींद्र सिलाकारी द्वारा किया गया। समारोह के दौरान समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जिला शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर नगर विधायक शैलेन्द्र जैन, डॉ. जी.एस. चौबे, डॉ. राजेंद्र चौउदा, डॉ. अनिल खरे, अजय दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने पं. हरिवल्लभ के जीवन और उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।



### 'वर्ल्ड हेल्थ डे' के अवसर पर डीपीएस सागर में डेंटल हेल्थ कैम्प का हुआ आयोजन

**सागर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर में वर्ल्ड हेल्थ डे के अवसर पर जे.सी.आई. के नेतृत्व में डेंटल हैल्थ कैम्प का सफल आयोजन किया है। डेंटल हेल्थ कैम्प का उद्घाटन सुबह करीब दस बजे से विद्यालय के गतिविधि कक्ष में हुआ। जिसमें मुख्यातिथि द्वयै के रूप में डॉ. प्रियल जैन डेंटिस्ट डॉ. परिधि जैन, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सारांश जैन जेसीआई प्रेसिडेंट अध्यक्ष, सागर, अपूर्व जैन, अक्षय जैन जेसीआई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गई। विद्यालय प्राचार्य डॉ. रविकान्त बाजपेयजुला ने आगंतुकों का पौधा भेंट कर अभिनंदन किया तथा कार्यक्रम की रूप - रेखा का विवरण दिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की मुख्यातिथि डॉ. प्रियल जैन ने कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कक्षा आठवी से दसवी तक के विद्यार्थियों को डेंटल एण्ड ओरल हाइजीन का महत्व बताते हुए दाँतों से संबंधित होने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा उपचार के उपाय तथा सावधानियाँ बताईं। तदुपरान्त विद्यार्थियों के लिए डेंटल ओरल हाइजीन पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन कराया। विद्यालय की कक्षा नवमीं की छात्रा आर्या जैन ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि द्वारा विजेता छात्रा को पुरुस्कृत किया गया। इसके पश्चात डॉ. प्रियल जैन तथा उनकी सहायक डॉ. परिधि जैन ने विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के दाँतों के स्वास्थ्य की जाँच कर उपचार के उपाय सुझाए तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को स्टील की वॉटर बॉटल वितरित कर प्लास्टिक की बोतल में पानी न लाने की सलाह दी, जिसका उद्देश्य था, कि प्लास्टिक की उपयोगी को कम किया जा सके।

### नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल व शिविर आज

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु आपकी महापौर आपके द्वार जनचौपाल शिविर का आयोजन 8 अप्रेल बुधवार को प्रातः 11 बजे से संतकबीर वार्ड में हनुमान मंदिर के पास पार्षद कार्यालय के पास आयोजित किया गया है। वार्ड के नागरिकों से अनुरोध है कि शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं।



## टीईटी के नए नियम पर आर-पार की जंग: मप्र शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा, दिग्गजों को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, जिला इकाई सागर ने शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरुद्ध प्रभावित शिक्षकों के हितार्थ, भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन से सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से राहत हेतु अध्यादेश अथवा पुनर्विचार याचिका हेतु मप्र शिक्षक संघ के आव्हान पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में समस्त जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा। संघ ने सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय को प्रदेश के हजारों शिक्षकों के भविष्य के लिए 'गंभीर संकट' बताते हुए सागर जिले के प्रमुख जन-प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विधायी हस्तक्षेप की मांग की है।मप्र शिक्षक संघ के आव्हान पर जिला अध्यक्ष सूर्यपाल राजपूत, जिला सचिव मनोज कुमार जैन एवं अन्य पदाधिकारियों ने सांसद लता वानखेड़े, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक पं. गोपाल भार्गव, विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया और जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी से भेंट की। इस दौरान विधायक प्रदीप लारिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को पत्र लिखकर उचित कार्यवाही हेतु आग्रह किया है। इस ज्ञापन कार्यक्रम में प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता, जिला संगठन मंत्री चंद्रभान सिंह राजपूत, शैलेंद्र प्रजापति, संदीप नाहर, नेहा मिश्रा, संघमित्रा गुरु, सुनील चौरसिया, उमाशंकर सोनी, रामस्वरूप राजपूत, महेश कुमार विश्वकर्मा, हाकमसिंह शत्रुघ्न सिंह, प्रहलाद लोधी डालचंद अहिरवार, नारायण सैनी, जगन्नाथ कुर्मी एवं अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## डोहेला महोत्सव हमारी समृद्ध विरासत और लोकजीवन का प्रतीक, भूपेन्द्र भैया ने इसे पुनर्जीवित किया: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

डोहेला महोत्सव-2026 के दूसरे दिन बालीवुड की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका अकासा सिंह ने दर्शकों के आनंद और उत्साह को आसमान पर पहुंचा दिया। दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद लता वानखेड़े ने युवा भाजपा नेता अविराज सिंह के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि खुरई के डोहेला महोत्सव की परंपरा को पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने पुनर्जीवित कर नई भव्यता प्रदान की है, वे सेवा और लोक कल्याण के नये आयाम खड़े करने वाले संवेदनशील नेता हैं। सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि भूपेन्द्र सिंह ने अपने दृढ़ संकल्प से खुरई नगर में विकास की जो गाथा लिखी वह अद्वितीय है। आप सभी ने उन्हें अवसर दिया और उन्होंने क्षेत्र की तकदीर व तस्वीर बदल दी। सांसद वानखेड़े ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि भूपेंद्र भैया जैसा संवेदनशील नेतृत्व हमें मिला है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र भैया का खुरई के लिए प्रेम ऐसा है कि यदि



उनका बस चले तो वे आसमान से पूरे तारे तोड़ कर खुरई विधानसभा क्षेत्र की जनता को दे दें। खुरई के डोहेला किले ने हमारी आस्था और लोकजीवन को सुरक्षित रखा है। 1707 में गौरव शाली दांगी वंश के प्रतापी राजा श्री खेमचंद्र दांगी जी ने यह क़िला बनवाया था। यह हमारी परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। हमारे नेता भूपेन्द्र भैया ने डोहेला महोत्सव की प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित कर इसे अद्वितीय भव्यता प्रदान की है। अविराज सिंह ने इसे दिव्यता प्रदान करने में बहुत परिश्रम किया है। यह आयोजन आज सांस्कृतिक एकता व समरसता का प्रतीक बन गया है।

युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने कहा कि खुरई के प्रसिद्ध डोहेला महोत्सव की शुरुआत वर्ष 2015 में मकर संक्रांति से हुई थी। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने ऐतिहासिक डोहेला किले का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराने के बाद इस सांस्कृतिक आयोजन की परंपरा डाली थी। उन्होंने एक ऐतिहासिक किले की शांति को एक भव्य सांस्कृतिक उत्सव की गूँज में बदल दिया है। डोहेला महोत्सव खुरई की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में ऐसे महोत्सव युवाओं को अपनी वास्तविक जड़ों और स्थानीय संस्कृति से रूबरू कराने का काम करते हैं और उन्हें अपनी पहचान पर गर्व करना सिखाते हैं।

### जनभागादारी से चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्य पर गंदी राजनीति का आरोप

# मुक्तिधाम में बुल्डोजर कार्रवाई का विरोध, में मौन जलूस निकालकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी नगर के झुनकू वार्ड स्थित मुक्तिधाम में विगत 4 अप्रैल को जन सहयोग से चल रहे निर्माण कार्य पर प्रशासन द्वारा की गई बुल्डोजर कार्रवाई के विरोध में सैकड़ों नागरिकों ने मौन जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौपा एवं अपनी मांगे पूरी किये जाने एवं जनकल्याण के कार्र्यो में गंदी राजनीति बंद किये जाने की मांग की गई। विगत 04 अप्रैल को भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद भारतेन्दु राजपूत की शिकायत पर प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई को लेकर नागरिकों में असंतोष व्याप्त है। जिसके चलते सोमवार सायं 5 नगरपालिका पर एक हुए सैकड़ों नागरिकों ने हाथ में तख्तिया लेकर मौन जूलूस निकाला एवं 2 किलोमीटर पैदल चलकर तहसील कार्यालय पहुँचकर तहसीलदार प्रीतिरानी चौरसिया को ज्ञापन सौपा।





ज्ञापन में बताया गया कि देवरी नगर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा स्वच्छ भारत मिष्न से प्रेरित होकर स्थानीय-जन के आर्थिक एवं श्रम सहयोग से नगर के मुक्तिधामों के सौन्दर्यीकरण हेतु मुहिम चलाई जा रही है। जिसमें नगर के कौषल किषोर वार्ड स्थित मुक्तिधाम एवं तिलक वार्ड स्थित मुक्तिधाम में, संरक्षित वृक्षारोपण, रंग रोगन, प्रार्थना शेड निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र संचालन, पेटिंग कार्य, पेवर्स फर्ष निर्माण, समतलीकरण, विद्युत साज सज्जा, पोण्ड निर्माण कार्य कराये गये है । जिससे उक्त मुक्तिधाम बदहाली से उबरकर एक रमणीय पर्यटक स्थल बन गये है । इसी प्रकार झुनकू वार्ड संगम घाट स्थित शमषान घाट में विगत 2 माह पूर्व सौन्दर्यीकरण मुहिम आरंभ की गई है जिसके अंतर्गत देवरी नगर के नागरिकों से आर्थिक सहयोग एवं श्रमदान से मुक्तिधाम में साफ-सफाई, भूमि समतली करण, शेड एवं परिसर का रंग रोगन, फेसिंग कार्य, फर्ष निर्माण,पिचिंग कार्य एवं बैठक हेतु कुर्सियों का निर्माण कराया गया है । मुक्तिधाम से होकर बहने वाली सुखचैन-झुनकू नदी पुर्नजीवन हेतु गहरीकरण सहित अनेकों कार्य जन सहयोग से कराये गये है । विगत दिनांक 04 फरवरी 2026 को स्थानीय प्रषासन को लिखित आवेदन देकर प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा आरंभ की गई इस मुहिम से झुनकू वार्ड स्थित मुक्तिधाम साफ-सुथरा, सुन्दर एवं व्यवस्थित मुक्तिधाम में तब्दील हो चुका है । मुक्तिधामों में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए नागरिकों की दान राशि से मुक्तिधाम की भूमि को साफ सुथरा एवं समतल कर उस पर अस्थि संचय कक्ष, दाह संस्कार हेतु लकड़ी भंडार कक्ष, एवं परिसर की सुरक्षा हेतु गार्ड रूम निर्मित कराया जा रहा था। जिसकी नींव को प्रशासन द्वारा गंदी राजनीति से प्रेरित शिकायत के आधार पर बुल्डोजर चलाकर तोड़ दिया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि सार्वजनिक हित एवं जन कल्याण के लिए नागरिकों की सहभागिता से किये जा रहे कार्यो को रोका जाना दुर्भावना पूर्ण एवं क्षोभजनक है। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रशासन द्वारा कार्रवाई में जब्त की गई सामग्री वापिस लौटाई जाए, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ किये गये स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरित होकर चल रहे नगर स्वच्छता एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप बंद किया जाये। स्थानीय लोगो की दान राशि, सामग्री एवं श्रमदान से निर्मित ध्वस्त किये गये कार्यो को यथारूप निर्मित कराया जाये। ज्ञापन में मांग की गई कि देवरी तहसीलदार देवरी को जन कल्याणकारी कृत्यों हेतु शमशान घाट में जनसामान्य के द्वारा जो लकड़ी के स्टोर करने, चौकीदार नियुक्त करने, शवदाह उपरांत अस्थि संचय स्थान की व्यवस्था, एवं नदी घाट निर्माण एवं जल स्त्रोत निर्मित करने हेतु निर्देषित किया जाए ।

ज्ञापन में कहा गया कि यदि उनकी न्यायसंगत मांगो पर विचार न होने की दशा में धरना, भूख हड़ताल एवं अमरण अनशन के लिए बाध्य होंगे।

ज्ञापन में नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन, महंत हरि कृष्णदास, रजनीश जैन, विजय तिवारी, त्रिवेन्द्र जाट, महेन्द्र जाटव, नर्मदा वाल्मीकी, संजीव सोनी, कश्यप बोहरे, नीरज नामदेव, गोविंद बड़ेरिया, ज्ञानी कोष्टी,पंकज कोष्टी, हरि चौरसिया, राजा गुप्ता, हरिकृण विश्वकर्मा, अतुल जैन, श्याम सेन, नितिन ठाकुर, अजय शर्मा, हरि वाल्मीकी, राकेश सेन अंकित विश्वकर्मा, नीरज प्रजापति, बद्री गुप्ता, मनोज नामदेव सहित सैकड़ों पुरुष एवं बड़ी संख्या में महिलाये उपस्थित थी।

## जनसुनवाई में हुई 184 आवेदनों पर कार्रवाई



**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 184 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, अपर कलेक्टर अविनाश शर्मा, एसडीएम अमन मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर विजय डेहरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में ठेले पर उतरीं उमा, बेची पोहा-जलेबी

# पैसे वालों पर चलाओ बुल्डोजर, ठेले वालों का नंबर सबसे बाद में: पूर्व सीएम उमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मंगलवार सुबह नगर में एक ऐसा कदम उठाया, जिसने प्रशासनिक कार्रवाई के बीच गरीबों की रोजी-रोटी के सवाल को प्रदेश की राजनितिक हलचल के केंद्र में ला खड़ा किया। सिविल लाइन रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में पूर्व सीएम स्वयं सड़क किनारे हाथठेले पर उतरीं और पोहा-जलेबी बेचकर छोटे दुकानदारों का समर्थन किया। उनका यह अंदाज पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया।

### अतिक्रमण हटाते हुये प्रशासन ने किया था सड़क सुरक्षा अभियान शुरू

सोमवार को नगर पालिका, एसडीएम और तहसीलदार की टीम ने सिविल लाइन रोड पर सड़क सुरक्षा अभियान चलाकर कई हाथठेले और छोटी दुकानों को हटा दिया था। इस कार्रवाई से प्रभावित गरीब दुकानदारों के समर्थन में उमा भारती ने पहले ही नाराजगी जताई थी और मंगलवार को उन्होंने इसे प्रतीकात्मक विरोध का रूप दे दिया। सिविल लाइन रोड पर प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान में वर्षों से लगे ठेले और छोटी दुकानें हटाई गईं। कई दुकानदारों का सामान भी जब्त किया गया, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया।

### प्रशासनिक कार्रवाई पर पूर्व सीएम की अनोखी प्रतिक्रिया

प्रशासन द्वारा अतिक्रमण बिरोधी कार्यवाही के दूसरे दिन मंगलवार सुबह पूर्व सीएम उमा भारती सिविल लाईन स्थित अपने बंगले से बाहर निकली और बंगले के सामने स्वयं हाथठेले पर खड़ी होकर पोहा-जलेबी बेचने लगीं। उन्होंने हटाए गए दुकानदारों को वापस बुलाकर अपने ठेले फिर से लगाने का आह्वान किया और भरोसा दिलाया कि वे उनके साथ खड़ी हैं। ठेले पर पोहा जलेवी बेचकर पूर्व सीएम ने प्रशासनिक कार्यवाही का अनोखे अंदाज में बिरोध किया।





**पैसे वालों पर चलाएं बुल्डोजर, खुद की बाउंड्रीवॉल तुड़वाने का दिया उदाहरण**

पूर्व सीएम उमा भारती ने प्रशासन को नसीहत देते हुये कहा कि सबसे पहले पैसे बालो द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाया जाये। ठेले बालो का नंबर तो सबसे बाद में आता है। उमा भारती ने अपने बयान में एक अहम उदाहरण देते हुए बताया कि जब सिविल लाइन क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण का काम हुआ था, तब उन्होंने स्वयं अपने घर की बाउंड्री वॉल तुड़वा दी थी। उन्होंने कहा कि बड़े और प्रभावशाली लोगों को आगे बढ़कर उदाहरण पेश करना चाहिए, ताकि विकास कार्यों में बाधा न आए और गरीबों पर एकतरफा कार्रवाई की नौबत न बने।

### पहले जगह दो, फिर हटाओ गरीबो के ठेले

उमा भारती ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क किनारे ठेले लगाकर अपनी रोजी रोटी चलाने बाले लोगो को प्रशासन द्वारा पहले वैकल्पिक स्थान दिया जाना चाहिए था। उसके बाद उन्हें हटाने की कार्यवाही की जानी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि पार्षदों द्वारा कुछ स्थान चिन्हित भी किए गए थे, लेकिन बिना व्यवस्था बनाये ही कार्रवाई कर दी गई। उन्होंने कहा कि गरीबों की रोजी-रोटी छीनना गलत है। पहले बड़े लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रभावित दुकानदारों से अपील की कि वे वापस आएं और अपने ठेले फिर से लगाएं। उन्होंने पीड़ति ठेले बालो से कहा कि उनके ठेलों को यहां से हटने नहीं दिया जाएगा और वे उनके साथ खड़ी हैं। उमा भारती ने कहा कि वे जल्द ही प्रशासन से चर्चा करेंगी और हटाए गए दुकानदारों को पुनः बसाने के लिए प्रयास करेंगी।

### अपनी प्रतिक्रिया से दिया राजनीतिक और सामाजिक संदेश

पूर्व सीएम उमा भारती का यह कदम केवल विरोध नहीं, बल्कि एक बड़ा सामाजिक संदेश भी है। उन्होंने साफ किया कि विकास के नाम पर गरीबों की अनदेखी नहीं की जा सकती और प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। इस घटनाक्रम ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या अतिक्रमण हटाने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था जरूरी नहीं होनी चाहिए।

कर्तव्यनिष्ठ उप निरीक्षक के परिजनों के लिये सैलरी पैकेज योजना बनी सहारा

# शहीद परिवार को संबल रूप एसपी ने सौंपा 1 करोड़ का बीमा लाभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस विभाग ने संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का उदाहरण पेश करते हुए दिवंगत उप निरीक्षक नथुआ कोल के परिवार को 1 करोड़ रुपये का दुर्घटना बीमा लाभ प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में यह राशि उनकी धर्मपत्नी बालों बाई को सम्मानपूर्वक सौंपी। दिवंगत नथुआ कोल का हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। उनका वेतन खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा टीकमगढ़ में संचालित था, जो पुलिस सैलरी पैकेज योजना से जुड़ा हुआ था। इसी योजना के तहत उनके परिवार को यह आर्थिक सहायता मिली है, जो कठिन समय में बड़ा सहारा बनी है।



इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि पुलिस सैलरी पैकेज योजना पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के लिए सुरक्षा कवच के रूप में कार्य कर रही है। इस योजना के अंतर्गत सामान्य मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपये तथा दुर्घटनावश मृत्यु पर 1 करोड़ रुपये की सहायता नामांकित परिजनों को दी जाती है। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिनाश सिंह चौहान, मुख्य प्रबंधक धीरेंद्र चौरसिया सहित बैंक एवं पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस द्वारा पिछले एक वर्ष में इस योजना के तहत कुल 1 करोड़ 40 लाख रुपये की सहायता पुलिस परिवारों को प्रदान की जा चुकी है, जो विभाग की संवेदनशील कार्यशैली को दर्शाता है। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि कर्तव्य के दौरान अपने जीवन का बलिदान देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के परिवारों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान एसपी मंडलोई ने कहा कि कठिन समय में पीड़ति परिवार के साथ खड़ा रहना ही सच्ची सेवा है, पुलिस परिवार के हर सदस्य की सुरक्षा ही हमारी जिम्मेदारी है।

## थानों में अपराधियों की हुई परेड, पुलिस की पैनी नजर

# अभियान में निगरानीशुदा, पूर्व अपराधियों और जेल से छूटे लोगों का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सक्रिय अपराधियों, निगरानीशुदा बदमाशों और पूर्व अपराधियों पर सख्त नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में यह अभियान लगातार जारी है, जिसमें चिन्हित व्यक्तियों को थानों पर बुलाकर उनकी गतिविधियों की समीक्षा की जा रही है। 06 अप्रैल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी स्तर के अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिलेभर के थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए पूर्व अपराधियों, असामाजिक तत्वों और हाल ही में जेल से रिहा हुए व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उनके वर्तमान संपर्क, गतिविधियों और जीवनशैली की जानकारी एकत्रित की गई।

पुलिस ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि दोबारा किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित भी किया गया। अभियान के दौरान 19 सक्रिय अपराधियों की पहचान कर उनकी निगरानी शुरू की गई, जबकि 17 निगरानीशुदा अपराधियों का सत्यापन कर निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया गया। इसके अलावा 10 पूर्व दोषी व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन किया गया और 12 हाल ही में जेल से रिहा हुए लोगों को विशेष निगरानी में शामिल किया गया। पुलिस द्वारा जमीनी स्तर पर चिन्हित व्यक्तियों से सीधे संवाद कर उन पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव स्थापित किया गया, जिससे अपराध की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। वहीं, जो व्यक्ति सत्यापन के दौरान अनुपस्थित पाए गए, उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई भी प्रारंभ की गई। रात्रि गश्त के दौरान भी संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर संभावित अपराधों को रोकने के प्रयास किए गए। पुलिस का मानना है कि इस अभियान से जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर सुरक्षित और अपराधमुक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

## राशन दुकान संचालक को तत्काल हटाने के दिए निर्देश

# जनसुनवाई में उछला राशन घोटाला मामला, कलेक्टर का एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





जिले के जतारा में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उस समय हड़कंप मच गया, जब कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की मौजूदगी में जनसुनवाई में राशन भ्रष्टाचार का मामला उछला। जिसमें राशन दुकान में केवाईसी के नाम पर वसूली की शिकायत सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने सख्त रुख अपनाते हुए राशन दुकान संचालक को तत्काल पद से हटाने के निर्देश दे दिए। जतारा में जनसुनवाई करने के लिये कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय जनसुनवाई के दौरान पहुंचे थे। जहाँ उन्होंने स्वयं लोगो की समस्याओ को सुना।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के समक्ष जतारा नगर की जनसुनवाई के दौरान करीब 40 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश समस्याएं रोजमर्रा की सुविधाओं और सरकारी योजनाओं से जुड़ी थीं। लेकिन वार्ड नंबर 6 की एक महिला और लड़की द्वारा की गई शिकायत ने पूरे कार्यक्रम का केंद्र बदल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राशन दुकान संचालक केवाईसी के नाम पर पैसे मांग रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही कार्रवाई के आदेश दिए और स्पष्ट कहा कि गरीबों के हक पर डाका डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जनसुनवाई में कलेक्टर श्रोत्रिय ने एक-एक आवेदक की समस्या सुनी और कई मामलों का निराकरण मौके पर ही कर दिया। शेष मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक बिना किसी भ्रष्टाचार और पारदर्शिता के साथ पहुंचे। इस दौरान जतारा एसडीएम संजय दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में प्रशासन की तत्परता और कलेक्टर श्रोत्रिय की सख्ती व त्वरित कार्यवाही से आमजन ने प्रशन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि कार्यवाही ऐसी ही तेज होनी चाहिए।

### जुआ खेलते 8 गिरफ्तार, नकदी व मोबाइल बरामद

ललितपुर। शहर के व्यस्त इलाके कटरा बाजार में देर रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 8 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नगदी, ताश के पत्ते और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। थाना कोतवाली में दर्ज एफआईआर के अनुसार 6 अप्रैल को उपनिरीक्षक प्रशांत राणा पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कटरा बाजार स्थित गोमती प्लेस के पास गैलरी में कुछ लोग ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दबिश दी। पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई, लेकिन सतर्क टीम ने सभी को पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 10,330 रुपये नकद, आरोपियों की तलाशी में 2,940 हजार रुपये अतिरिक्त नकद और 52 ताश के पत्ते, 6 मोबाइल फोन बरामद किए, जिन्हें कब्जे में लेकर सील कर दिया गया। पुलिस ने मोहल्ला चौबयाना निवासी कपिल पुत्र हरिशंकर, आजादपुरा निवासी अनुज सोनी पुत्र ज्ञानसिंह, कटरा बाजार निवासी मनमोहन सोनी पुत्र घनश्यामदास, छत्रसालपुरा निवासी संजय सोनी पुत्र राजेश सोनी, छत्रसालपुरा निवासी दीपेश रजक पुत्र राजेश रजक, अंकित योगी पुत्र प्रेमचंद योगी, छत्रसालपुरा निवासी अमित सोनी पुत्र हरगोविंद सोनी, सुभाषपुरा निवासी विशाल पुत्र स्व.राजेंद्र बताये गये हैं।

# गुम नाबालिगों की पुलिस ने कराई सुरक्षित घर वापसी

**कोतवाली व जतारा पुलिस की तत्परता, 2026 में 40 से अधिक बच्चों को मिलाया परिवार से**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में गुमशुदा नाबालिगों की तलाश और सुरक्षित वापसी के लिए चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में कोतवाली और जतारा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुम हुई नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित खोजकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया।

पुलिस द्वारा मुस्कान अभियान के तहत सभी थाना प्रभारियों को संभावित स्थानों पर सक्रिय जांच, मुखबिर तंत्र को मजबूत करने और तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका के गुम होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर गंभीरता से जांच शुरू की। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रविभूषण पाठक के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया। इस कार्रवाई में पुलिस टीम की सक्रियता और समन्वय सराहनीय रहा। इसी प्रकार थाना जतारा क्षेत्र में भी गुम नाबालिग बालिका के मामले में पुलिस ने मुखबिर सूचना और तकनीकी सहायता के आधार पर सफलता हासिल की। थाना प्रभारी उप निरीक्षक एनएस ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालिका को सुरक्षित खोज निकाला। पुलिस की इस मुहिम के तहत वर्ष 2026 में अब तक 40 से अधिक गुम नाबालिगों को विभिन्न स्थानों से सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया जा चुका है। पुलिस का कहना है कि नाबालिगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं, जिससे आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है।

इस दौरान एसपी मंडलोई ने कहा कि हर बच्चे की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। सतर्कता, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई ही हमारा संकल्प है।

## नशे में विवाद के बाद आरोपी ने की थी हत्या

# 24 घंटे में हत्या का खुलासा: मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले में गंभीर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के एक मामले का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में भी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई को पुलिस की तत्परता और सख्त कार्यशैली का उदाहरण माना जा रहा है। जिलेभर में गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन मे विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना खरगापुर पुलिस ने यह सफलता हासिल की।

**घटना से हत्या तक का मामला** घटना दिनांक 6 अप्रैल को खरगापुर थाना अंतर्गत ग्राम गुडापाली निवासी स्वेता सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पति शंकर सेन दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान रिश्तेदार अनिल सेन शराब के नशे में वहां पहुंचा और विवाद करने लगा। मना करने पर वह अपने पिता जमना सेन को साथ लेकर वापिस आया और दोनों ने लाठी-डंडों से शंकर सेन पर हमला कर दिया। उक्त हमले में शंकर सेन को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें इलाज के लिए जिला छतरपुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

**पुलिस ने तेजी दिखाते हुये 24 घंटे में किया आरोपी गिरफ्तार** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने उक्त मामले में तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए। खरगापुर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी अनिल सेन को घटना के मात्र 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में खरगापुर थाना प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह सिकरवार के नेतृत्व में टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई। पुलिस टीम की मुस्तैदी के चलते आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया गया, जिससे उक्त मामले का तेजी से खुलासा हो सका।

**कार्यवाही को तेजी से अंजाम देकर पुलिस ने दिया संदेश** उक्त मामले में तेज कार्यवाही करते हुये पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी प्रकार के गंभीर अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराधियों के खिलाफ कठोर और त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस का कहना है कि कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

कार्रवाई पर उठे सवाल, आदेश देने वाला कौन, अधिकारियों की चुप्पी से बढ़ा विवाद

# अतिक्रमण अभियान पर घमासान नपा अध्यक्ष भी आए विरोध में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



नगर पालिका द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान अब विवादों के केंद्र में आ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के विरोध के बाद अब नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक भी खुलकर सामने आ गए हैं। दोनों के विरोध के चलते जिला प्रशासन बैकफुट पर नजर आ रहा है और स्थिति यह है कि अब तक कोई भी अधिकारी इस कार्रवाई के आदेश देने वाले का नाम बताने को तैयार नहीं है।

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने अभियान पर सवाल उठाते हुए इसे गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की दुकानों पर अतिक्रमण करने वालों की सूची तीन साल पहले ही तैयार की जा चुकी थी, लेकिन उन पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके विपरीत फुटपाथ पर रोजी-रोटी कमाने वाले छोटे दुकानदारों पर अचानक कार्रवाई करना दुर्भाग्यपूर्ण है। नगर पालिका अध्यक्ष पप्पू मलिक ने यह भी स्पष्ट किया कि इस कार्रवाई को न तो विधायक का समर्थन प्राप्त है और न ही नगर पालिका परिषद की सहमति। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि वे स्वयं दोषी पाए जाते हैं तो सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार हैं। वहीं, उमा भारती ने भी इस मामले को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से कड़ा विरोध दर्ज कराया था। उन्होंने कहा कि गरीबों के ठेले हटाए गए, जबकि आसपास के संपन्न लोगों के घर और रेस्टोरेंट अतिक्रमण के बावजूद सुरक्षित हैं। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी सुधार की शुरुआत समाज के मजबूत वर्ग से होनी चाहिए, गरीबों पर आखिरी में कार्रवाई होनी चाहिए। विवाद गहराने के साथ ही प्रशासन की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल पूरे मामले में जांच की मांग तेज हो गई है और आगे प्रशासन क्या कदम उठाता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### प्रशासन की सख्ती के बाद व्यापारियों ने बंद की खरीद, हुआ हंगामा

# फसल कटौत्रा पर रार, किसान संगठन व्यापारी और प्रशासन आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

फसल बेचने आने वाले किसानों की फसल तुलाई में प्रति क्विंटल 700 ग्राम का कटौत्रा करने को लेकर मंगलवार को जैदा स्थित कृषि उपज मंडी में जमकर हंगामा हुआ। मंडी प्रशासन के द्वारा नोटिस जारी करने और किसानों के द्वारा कटौत्रा कराने से इंकार करने पर व्यापारियों ने तुलाई बंद कर दी। इसके बाद मंडी में पहुंचे भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं और व्यापारियों के बीच खूब बहस हुई बाद में मंडी प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद मंडी तुलाई तो शुरू हुई लेकिन किसी व्यापारी ने कटौत्रा किया किसी ने नहीं, इससे किसानों का यह आंदोलन ओर अधिक भड़कने के कगार पर पहुंच गया है।

जैदा स्थित कृषि उपज मंडी श्योपुर में फसल बेचने आने वाले किसानों से फसल तुलाई के लिए प्रति क्विंटल 700 ग्राम कटौत्रा किया जा रहा है व्यापारियों का कहना है कि फसल सूखने, बार बार तोल के कारण व्यापारी की फसल का वजन घट जाता है। इसीलिए 700 ग्राम कटोत्रा प्रति क्विंटल के हिसाब से किया जाता है यह कोई नई बात नहीं है यह हमेशा से होता चला आया हैं। उधर किसानों की लड़ाई लड़ रहे भारतीय किसान संघ का कहना है कि व्यापारियों द्वारा फसल से कटोत्रा करना सीधे-सीधे किसानों के साथ लूट करने जैसा है शासन के नियमों में इसका कहीं उल्लेख नहीं है ना ही फसल सूखती घटती है। व्यापारी छोटे कांटे पर तोल का बहाना लेकर 700 ग्राम कटौत्रा कर रहे हैं लेकिन धर्म कांटे पर तोले पर भी कटौत्रा किया जा रहा है। इसलिए बड़े कांटे पर हुई तुलाई के बाद तो कटौत्रा न किया जाए इस संबंध में भारतीय किसान संघ ने 2 दिन पहले भी ज्ञापन दिया था और मांग की थी कि अगर कटौत्रा बंद नहीं किया गया तो किसान उग्र आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। किसानों की समस्या और वर्तमान में हुई ओलावृष्टि जैसी स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने इस मामले में मंडी सचिव को कार्रवाई के निर्देश दिए थे मंडी सचिव ने व्यापारियों को उक्त आदेश जारी कर दिया कि किसानों की फसलों से कटौत्रा ना किया जाए इसके बावजूद भी व्यापारियों ने कटोत्रा चालू रखा जिसके कारण कुछ किसानों ने शिकायत की, शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों कि व्यापारियों से बहस भी हुई किसान भारतीय किसान संघ के साथ लामबंद होकर हंगामा करने लगे 2 घंटे तक खरीद बंद होने के बाद खरीद वापस चालू तो हुई लेकिन किसानों ने बताया कि कुछ व्यापारी कटौत्रा कर रहे हैं कुछ नहीं कर रहे हैं जिससे यह आंदोलन अभी और आगे बढ़ाने की ही संभावना है।



### मंडी प्रशासन के जवाब से भड़के किसान

व्यापारियों द्वारा जैदा स्थित कृषि उपज मंडी में खरीद बंद करने के बाद जब भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी मंडी में पहुंचे तो उन्होंने व्यापारियों और प्रशासन से साथ चर्चा की तो व्यापारियों ने तो उन्हें बता दिया कि वह फसल तुलाई में कटौत्रा नहीं करेंगे तो उनकी फसल घट जाएगी इससे व्यापारी को सीधा-सीधा नुकसान होगा इसलिए कटौत्रा किए बिना फसल तुलाई नहीं करेंगे संबंध में जब मंडी प्रशासन से चर्चा की तो मंडी प्रशासन ने उन्हें स्पष्ट बता दिया कि उन्होंने व्यापारियों को नोटिस जारी कर दिया है और उन्हें बता दिया है कि भारतीय किसान संघ ने कटोत्रा न करने की मांग की है इसलिए कटोत्रा ना किया जाए। अब कटौत्रा करना ना करना उनकी मर्जी है हमारा दायित्व उन्हें नोटिस देना था सो दे दिया बस इस बात पर किसान भड़क गए उनका कहना है कि मंडी प्रशासन का व्यापारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है वह व्यापारियों की कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। किसानों में मंडी प्रशासन के प्रति भी नाराजगी व्याप्त हो गई बाद में भारतीय किसान संघ के द्वारा कलेक्टर से चर्चा करने के बाद फसल तुलाई दोबारा शुरू हो सकी।

### इनका कहना...

व्यापारियों द्वारा जबरदस्ती किसानों की एक कुंटल फसल में से 700 ग्राम फसल अधिक ली जा रही है इसका विरोध करते हुए हमने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। कलेक्टर के निर्देश के बाद मंडी प्रशासन ने नोटिस तो जारी कर दिया लेकिन कटौत्रा नहीं रोका गया। हमने मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्या उठाई, व्यापारियों ने 2 घंटे तक मंडी में तुलाई बंद रखी इससे पहले भी 3 घंटे तक बंद रही थी। अब तुलाई तो शुरू हो गई है अगर कटौत्रा बंद नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे।

**नरेंद्र सिंह चौधरी**
जिलाध्यक्ष भाकिसं श्योपुर

कलेक्टर के माध्यम से जो मांग पत्र भारतीय किसान संघ का मिला था उसके अनुसार व्यापारियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं। किसी भी किसान की फसल से कोई कटौत्रा नहीं किया जाएगा अगर कटौत्रा किया जाएगा तो संबंधित व्यापारी के खिलाफ के विरुद्ध रजिस्ट्रेशन निरस्त की कार्रवाई की जाएगी व्यापारियों ने मंडी में तुलाई बंद कर दी थी जिसे चालू करवा दिया गया है।

**आरके साकेत**
मंडी सचिव श्योपुर

### एसई, ईई के सामने जनता ने खोला भ्रष्टाचार का पिटारा, उल्टे पांव भागे अफसर

# कायाकल्प से अपना कायाकल्प करता दिखा ठेकेदार, काम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



विजयपुर नगर में 50 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के काम का निरीक्षण करने ग्वालियर से पहुंचे मुख्य अधीक्षक यंत्री जेपी पारा एवं कार्यपालन यंत्री शाक्यवार नगरीय प्रशासन विभाग के सामने जनता ने घटिया निर्माण को लेकर इतना हंगामा किया कि अफसरों को उल्टे पांव भागना पड़ गया। दरअसल घटिया निर्माण की शिकायत पर टीम निरीक्षण करने के लिए विजयपुर पहुंची थी।

50 लाख रुपए से निर्माणाधीन कायाकल्प योजना के काम में घटिया निर्माण की शिकायत नगर वासी पहले ही वरिष्ठ अधिकारियों से कर चुके हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उनकी शिकायत पर ही निर्माण का जायजा लेने ग्वालियर से आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे जिन्होंने घूम कर रोड का निरीक्षण तो किया और निर्माण को घटिया बताकर काम बंद करने के निर्देश भी दिए पर वह अधिक जांच पड़ताल पूरी करते इससे पहले ही नगर वासियों ने उन्हें खुद आडे हाथों ले लिया और हंगामा इतना अधिक बढ़ गया कि अफसर जैसे आए थे वैसे ही उल्टे पांव लौट भी गए उधर ठेकेदार विकास तोमर ने निर्माण को गुणवत्ता पूर्ण और एस्टीमेट अनुसार बताया है वही नगरवासी काम को बेहद घटिया बता रहे हैं जो निर्माणाधीन प्रक्रिया में ही अचानक हुई बारिश के दौरान उखाड़ भी जाना बता रहे हैं।

### जांच कराएंगे

घटिया निर्माण की शिकायत मिली थी इसके बाद विजयपुर पहुंचकर निर्माण का जायजा लिया है। लेबोरेटरी से जांच कराकर गुणवत्ता चेक करवाई जाएगी। फिलहाल काम बंद करा दिया है।

**जेपी पारा**
एसई नगरीय प्रशासन विभाग
ग्वालियर संभाग

### जनसुनवाई में कम्प्यूटरों ऑपरेटरों की शिकायत, कलेक्टर ने दिए निर्देश

# ब्लैक लिस्टेड होगी जिला अस्पताल में ओपीडी का संचालन करने वाली कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सर! जिला अस्पताल की ओपीडी में कम्प्यूटरीकृत पर्चा बनाने का जो कंपनी कर रही है, वह कंपनी हमे निर्धारित मानदेय प्रदान नहीं कर रही है। जिसकारण हमे आर्थिक और मानसिक परेशानी उठानी पड रही है। यह शिकायत जिला अस्पताल की ओपीडी में कंपनी के अधीन होकर कम्प्यूटर चलाने वाले ऑपरेटरों ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को बताई। जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के लिए तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश श्रम विभाग के अधिकारियों को दिये गये।

जनसुनवाई में शिकायत करने पहुंचे कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रदीप प्रजापति, महावीर गुर्जर, कपिल राठौर, अर्पित राठौर एवं आकाश गौड आदि के द्वारा शिकायत की गई कि वे संजोट इंटरप्रायजेज के अधीन अस्पताल में ओपीडी में पर्चे बनाने का काम करते है, कंपनी द्वारा उन्हें शासन की ओर से निर्धारित मानदेय नही दिया जाता है, इस पर कंपनी पर ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इसके बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा के द्वारा जनसुनवाई में कब्जा दिलाने की मांग लेकर आये आवेदक लड्डू माली निवासी ग्राम बगवाज को तत्काल कब्जा दिलाने की कार्यवाही की गई। तहसीलदार मनीषा मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा जनसुनवाई से ही आवेदक को साथ लेकर मौके पर पहुंचकर कब्जा दिलाया गया तथा भूमि का सीमांकन कर सीमाओं का ज्ञान कराया गया।




### कलेक्टर ने इंद्रा को सौंपा पेंशन स्वीकृति आदेश, दो हितग्राहियों को मिलेगा संबल योजना का लाभ

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान 109 आवेदको की शिकायत सुनते हुए कई आवेदकों की शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करा दिया। जबकि कुछ की समस्याओ का निराकरण जल्द कराए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विधवा महिला इंद्रा बाई को मौके पर ही मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना स्वीकृत करते हुए पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। जिससे महिला को प्रतिमाह 600 रूपये की राशि प्राप्त होगी। ग्राम हासिलपुर निवासी महिला इंद्रा बाई सुमन ने विधवा पेंशन प्रदाय किये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत था, जिस पर मौके पर ही कार्यवाही करते हुए पेंशन स्वीकृत की गई। ग्राम नगदी निवासी हरि सिंह आदिवासी तथा ग्राम खितरपाल निवासी रामकिशन गौड को कलेक्टर ने उनके आवेदन परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो-दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुके है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। हरि सिंह आदिवासी द्वारा अपनी पत्नि मैना बाई की मृत्यु पर तथा रामकिशन गौड द्वारा अपनी पत्नि माया गौड की मृत्यु पर दो-दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

# तीन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पांच सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जारी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल सुषमा सोनी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र ढेंगदा-ए, ढेंगदा-बी, ढेंगदा-सी, कलारना -ए एवं बी, पनार-ए, पनार, बरी वाला मोहल्ला, केरका, भोजका-ए का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान केंद्र पर खाना नाश्ता, मंगल दिवस की गतिविधियां आदि का अवलोकन किया गया। आंगनबाडी केन्द्र पनार-ए की कार्यकर्ता रीना आदिवासी, सहायिका रामकली आदिवासी, केरका की कार्यकर्ता पारसमणी आदिवासी के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये है। इसी प्रकार ढेंगदा-सी की सहायिका दुलारी जाटव, कलारना-ए की सहायिका बर्फी बाई एवं कलारना-बी की सहायिका अश्वनी आदिवासी को केंद्र पर बच्चों की संख्या कम पाये जाने पर नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है। भोजका-बी केंद्र पर साफ सफाई नही पाये जाने तथा रिकार्ड व्यवस्थित रूप से उपलब्ध नही होने के चलते आंगनबाडी कार्यकर्ता सुनीता आदिवासी एवं आंगनबाडी, सहायिका देवकी आदिवासी को भी कारण बताओ नोटिस दिये गये है। आंगनबाडी केन्द्र ढेंगदा-सी पर बच्चों को नाश्ता प्रदाय नही करने पर देव नारायण समूह तथा कैरका में मैन्यू अनुसार खाना और नाश्ता नही देने पर गणेश स्वसहायता समूह को भी नोटिस दिये गये है।

### मलेरिया टीम ने शंकरपुर में किया 48 घरों का सर्वे

**श्योपुर।** जिले में मलेरिया नियंत्रण के लिए व्यापक गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल ने बताया कि इसी क्रम में कराहल के ग्राम शंकरपुर में कुल 48 घरों का लार्वा सर्वे किया गया, साथ ही बुखार से ग्रसित संभावित मरीजों की मलेरिया किट के माध्यम से जांच की गई, जिसमें सभी रिपोर्ट नेगेटिव पाई गईं। इस दौरान ग्रामवासियों को मच्छर जनित रोगों जैसे मलेरिया, डेंगू आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनसे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। सभी ग्रामीणों को नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को यह भी समझाइश दी गई कि बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर रक्त की जांच कराएं एवं पूर्ण उपचार लें। मलेरिया पॉजिटिव पाए जाने पर मेडिकल डॉक्टर एवं मलेरिया निरीक्षक की सलाह अनुसार उपचार लेना सुनिश्चित करें। उक्त गतिविधियों के दौरान मलेरिया निरीक्षक नरसिंह गौड़, आशा कार्यकर्ता बत्तो जाटव आदि उपस्थित रहें।

# कराहल तहसीलदार ने अवैध उत्खनन करते पकड़ी जेसीबी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कडी कार्यवाही करने के निर्देशानुसार तहसीलदार कराहल रोशनी शेख द्वारा मुरम का अवैध उत्खनन कर रही जेसीबी मशीन को मौके से जब्त करने की कार्यवाही की गई है। तहसीलदार कराहल रोशनी शेख ने बताया कि पर्तवाडा के शासकीय सर्वे नंबर 109 में मुरम का अवैध उत्खनन कर रही एक जेसीबी को जब्त करते हुए थाना कराहल की सुपुदर्गी में दिया गया है तथा कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन खनिज विभाग की ओर भेजा गया है

### चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सांदीपनि विद्यालय श्योपुर द्वारा नवीन प्रवेश नीति के तहत सत्र 2026-27 के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की गई है। प्राचार्य अशोक खंडेलवाल ने बताया कि विद्यालय द्वारा चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी गई है। चयनित विद्यार्थी 10 अप्रैल तक अपने दस्तावेज विद्यालय में जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि कक्षा 01 में 30 विद्यार्थी चयनित किये गये है तथा 01 वेटिंग लिस्ट में है। इसी प्रकार कक्षा 06 में 48 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है तथा 06 विद्यार्थी वेटिंग लिस्ट में शामिल है।

### फॉलोअप: पुलिस ने तीनों तस्करों को कोर्ट में पेश करने के बाद भेजा जेल

# उड़ीसा से ही जुड़े निकले तार, पुलिस रिमांड के दौरान गांजा तस्करों ने उगले दो तस्करों के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

देहात थाना पुलिस ने 30 किलो गांजे के साथ दबोचे गए तीन गांजा तस्करो को पूछताछ करने के लिए एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया था। बुधवार को तीनो तस्करों की पुलिस रिमांड खत्म हो गई है। जिसके बाद पुलिस ने तीनों तस्करों को श्योपुर न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। जेल भेजे गए तीनो गांजो तस्करों में दो तस्कर हरिओम सुमन और गौरव सुमन राजस्थान के कोटा जिले के बूढादीत थाना क्षेत्र के गांव कोटडादीप के निवासी है तथा तीसरा आरोपी बलवीर मीणा श्योपुर के देहात थाना क्षेत्र के गांव नागरगांवडा का निवासी है।

बताया जा रहा है कि इन गांजा तस्करो के तार उडीसा से जुडे निकले है। एक दिन की पुलिस के दौरान गांजा तस्करों ने इस गांजे को उडीसा से मंगवाने की बात स्वीकारते हुए उडीसा के दो बडे गांजा तस्करों के नाम उगले है। उनसे ही ये लोग गांजा लेकर आए थे और फिर उस गांजे को श्योपुर क्षेत्र सहित राजस्थान में खफाने की योजना थी। पुलिस अधिकारियों की माने तो उडीसा के जिन दो लोगो के नाम बताए गए है,उन लोगो का पता करने और उनका नेटवर्क कहां तक फैला है,इसका पता करने के लिए एक पुलिस टीम जल्द ही उडीसा भेजी जाएगी।




### गांजे के साथ जब्त हुई कार एक सप्ताह पहले ही खरीदी थी

30 किलो गांजे के साथ पकडे गए तीनो तस्करो के कब्जे से पुलिस ने एक न्यू अर्टिका कार भी जब्त की है। बताया जा रहा है कि जब्त की गई अर्टिका कार पुलिस के हत्थे चढे हरिओम सुमन निवासी कोटडादीप की है। हरिओम ने करीब एक सप्ताह पहले ही इस अर्टिका कार को खरीदा था। बताया जा रहा है कि ये लोग करीब सालभर से गांजा तस्करी का काम कर रहे थे और अब तक पुलिस के हत्थे भी नहीं चढे थे। श्योपुर की देहात थाना पुलिस ने इन तस्करो को पहली बार गांजा तस्करी में दबोचा है।

### तस्करों से एसपी ने भी की पूछताछ

बताया जा रहा है कि एक दिन की पुलिस रिमांड के दौरान तीनो तस्करों से न केवल विवेचना अधिकारियों ने पूछताछ की,बल्कि स्वयं पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने भी तीनो तस्करों से सवाल जबाव भी किए। इस दौरान एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने एसडीओपी श्योपुर राजीव गुप्ता और देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी को साफ शब्दो में निर्देशित कर दिया है कि इन गांजो के तस्करों के पूरे नेटवर्क का पूरी गोपनीयता रखते हुए पता किया जाए और नेटवर्क में शामिल सभी लोगों का पता करते हुए उन्हें दबोचकर सलाखों के पीछे भेजा जाए। इसके साथही ये तस्कर श्योपुर क्षेत्र में किन लोगों के जरिए गांजे को खफाते थे, उनका भी हर हाल में पता किया जाए। ताकि गांजे सप्लाई के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके। इसके अलावा फरार बने चौथे आरोपी को भी जल्द ही दबोचा जाए। बताया जा रहा है कि एसपी के निर्देश के बाद इस मामले की जांच में जुटे पुलिस अधिकारी पूरे एक्शन मोड में आकर कार्रवाई कर रहे है।


### कार्रवाई चल रही..

पीआर के दौरान आरोपियों ने कई अहम जानकारियां बताई है। मगर उन्हें गोपनीयता के लिहाज से बताना उचित नहीं है। लेकिन यह तय मानिए इस नेटवर्क में जो भी लोग शामिल है,उन्हें छोडेगे नहीं है। उनका पता करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगे। फिलहाल मामले में कार्रवाई चल रही है।

**सुधीर कुमार अग्रवाल**
एसपी,श्योपुर

# फिर बरसी बारिश, चना आकार के ओले भी गिरे, घबराए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शनिवार को अठाईसा क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि के बाद मंगलवार को फिर बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। तेज़ आंधी के साथ शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में हुई बारिश हालांकि अधिक नुकसान पहुंचाने वाली नहीं थी लेकिन कहीं-कहीं चना बराबर के ओला गिरने की भी सूचना मिली।जिससे किसानों में घबराहट जरूर फैल गई।

अठ्ठाइसा क्षेत्र में हुई बारिश के बाद बत्तीसा क्षेत्र में किसान अपनी फसलों को निकालने के लिए युद्ध स्तर पर जुट गए हैं। इस दौरान मंगलवार की दोपहर को उस समय दहशत फैल गई जब तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई पूरे शहर में बरसी इस बारिश से कहीं-कहीं ओले गिरने की सूचना मिली है यह ओले सलापुरा चंबल कॉलोनी में देखे गए लेकिन शहरी क्षेत्र और स्थानों पर कहीं नहीं देखे गए लेकिन बारिश पूरे क्षेत्र में देखने को मिली किसी किसी गांव से ओलो की वीडियो सोशल मीडिया पर जरूर वायरल हुई लेकिन इसकी पुष्टि कोई करने को तैयार नहीं था। कुल मिलाकर बारिश से फसलों को तेज आंधी के कारण आंशिक नुकसान पहुंच सकता है लेकिन इतना अधिक नहीं कि उसे किसानों को परेशानी उठानी पड़े। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी मौसम साफ नहीं रहेगा अगर बारिश तेज बरसी तो किसानों को नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

# शायर प्रभात प्रणय की किताब का विमोचन एवं सम्मान समारोह 18 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




प्रसिद्ध शायर एवं पत्रकार प्रभात प्रणय की किताब ₹जिंदगी पैरोल पर₹ एवं ₹चार में सार₹ किताब का विमोचन 18 अप्रैल को श्योपुर के ताज मैरिज गार्डन जमातखाना में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। इस विमोचन कार्यक्रम में कवि सम्मेलन-मुशायरा एवं प्रभात प्रणय का सम्मान पत्रकारों की ओर से किया जाएगा।

तीन चरणों में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के पहले चरण में मुख्य अतिथि द्वारा किताब का विमोचन किया जाएगा। दूसरे चरण में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आयोजित किया जाएगा। इसके बाद तीसरे चरण में समस्त पत्रकारों की ओर से प्रभात प्रणय के द्वारा जो कैंसर के रूप में मौत को मात देकर दूसरों को जीने की प्रेरणा देने का अदम्य साहस किया है उसके लिए सभी पत्रकार संगठनों ओर पत्रकार साथियों की ओर से सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह, ₹ प्रेस क्लब श्योपुर₹ श्रमजीवी ₹पत्रकार संघ श्योपुर₹ ₹प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ श्योपुर₹ ₹भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ श्योपुर₹ के संयुक्त बैनरतले एवं समस्त पत्रकारों की ओर से किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने तहसील कार्यालय बहादुरपुर का निरीक्षण किया

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सोमवार को तहसील कार्यालय बहादुरपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय में न्यायालय कक्ष, उपलोक सेवा केंद्र,आधार केंद्र का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए।

### पति ने पत्नि से मारपीट की

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर थाने के अंतर्गत पठार निवासी पूजा कोरी ने अपने पति पर मारपीट किए जाने का मामला दर्ज कराया है, जिसमें कहा गया है उसके पति प्रशांत कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी महिला की रिपोर्ट पर से पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

### पति, सास व देवर के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत दुर्गा कॉलोनी निवासी दीक्षा ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष के हितेश, योगेश और शैलेष ओझा निवासी भोपाल के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया है।

### बाइक फिसलने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत नेतराम पुत्र करतार सिंह बंजारा, उम्र 30 साल निवासी ग्राम सेमरी चक्क, बाइक से आ रहा था तभी सेमरी और ढोड़िया के बीच तालाब के पास मोड़ पर बाईक फिसल गई जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई थीं। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई जिस पर पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेसक्यू अभियान चलाया

# अजलेश्वर में तालाब पर नहाने गए 3 किशोरों की पानी में डूबने से मौत,गांव में मातम छाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के गृह ग्राम अजलेश्वर में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें गांव के तालाब पर नहाने गए तीन किशोरों की पानी में डूबने से मौत हो गई। जैसे ही इस घटना का पता चला, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेसक्यू अभियान चलाया गया, लेकिन इन बच्चों को नहीं बचाया जा सका।

यह तालाब अजलेश्वर गांव से 2 किलोमीटर दूर है, इस तालाब पर परीक्षा होने के बाद अपने गांव में यह किशोर अपने दोस्तों के साथ तालाब की ओर निकल पड़े। घर से 6 किशोर साथ में नहाने के लिए निकले थे। तालाब पर नहाने के दौरान 6 किशोरों में से 3 किशोर ही घर लौटे, 3 किशोरों की पानी में डूबने से मौत हो गई। यह घटना दोपहर 12 से 12:30 बजे की बीच होना बताई गई है, तालाब में नहाने के दौरान इन बच्चों को तैरना नहीं आता था लेकिन उन्हें क्या पता था कि जिस तालाब में वह मस्ती करने के लिए आए हैं वह तालाब उनके लिए काल बनकर आ सकता है।

### तीनों किशोर अपने पिता की इकलौती संतान थे



यह अपने पिता की इकलौती संतान थे, इनमें दो बच्चे मयंक और ओम रघुवंशी गुना में रहकर पढ़ाई कर रहे थे, जिनमें मयंक कक्षा 9वी का और ओम रघुवंशी कक्षा 8 का छात्र था, जबकि देव रघुवंशी कक्षा 8वी में नईसरायं में ही पढ़ता था। परीक्षा होने के कारण यह बच्चे भी गुना से अपने गृह ग्राम अजलेश्वर आ गए थे। इस घटना के बाद गांव में मातम छाया हुआ है। इस घटना के बाद मृतकों का शव परीक्षण कर शव परिवार जनों को सौंपा गया। शाम को 3 किशारों का अंतिम संस्कार किया गया, गांव में हर ग्राम की आंखे नम थीं, इन किशोरों को देखकर भविष्य के सपने बुने जा रहे थे किसी को क्या पता था कि 6 अप्रेल की दोपहर 12 बजे का समय काल बनकर आएगा। यह घटना जिसने भी सुनी उसकी आखें नम थीं।

### 6 किशोर तालाब पर नहाने गए थे, गहरे पानी में चले गए

नहाते समय 6 किशोर मौजूद थे लेकिन 3 किशोर तालाब के गहरे पानी में चले गए, जब शेष तीन किशोरों ने उन्हें पानी में डूबते हुए देखा तो वह घबरा गए और वहां से सीधे गांव में पहुंचे और परिवार के लोगों को व ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर इन बच्चों को बचाने का प्रयास किया। ईसागढ और नईसरायं के प्रशासनिक अधिकारियो को घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद अशोकनगर जिला मुख्यालय से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेसक्यू अभियान चलाया गया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी, एसडीआरएफ की टीम ने तालाब के पानी से जब इन बच्चों को निकाला तो उनकी सांसे थम गईं थी, उन्हें पानी से बाहर निकालने के बाद बचाने के प्रयास भी हुए लेकिन वह प्रयास कोई काम नहीं आए, किशोरों की इस छोटी सी नादानी से 3 परिवारों के चिराग बुझ गए, पूरे गांव में मातम पसरा है। 2 किशोर गुना में पढ़ाई कर रहे थे और अपने गांव आए थे।

### मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल

## पुलिस ने आत्महत्या का प्रयास कर रही 60 वर्षीय वृद्ध महिला की जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन मे थाना कोतवाली द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही करते हुए आत्महत्या का प्रयास कर रही एक 60 वर्षीय महिला की जान बचाकर मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 5 अप्रेल को रात्रि लगभग 20:45 बजे अशोकनगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि टोरिया रोड पावर हाउस के पास स्थित एक मकान में एक वृद्ध महिला द्वारा स्वयं को कमरे में बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया जा रहा है। उक्त सूचना सिटी मोबाईल में भ्रमण कर रहे सउनि दिनेश कुमार शर्मा को प्राप्त हुई, जिन्होंने तत्काल थाना प्रभारी को अवगत कराया। थाना प्रभारी द्वारा घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक अशोकनगर को दी गई, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजकर महिला का सुरक्षित रेस्क्यू करने के निर्देश दिए गए। सउनि दिनेश कुमार शर्मा, आरक्षक अभयराज रघुवंशी एवं आरक्षक पवन धाकड़ को तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया। मौके पर पहुँचने पर पाया गया कि कमरा अंदर से बंद था एवं महिला की स्थिति गंभीर थी। परिजन मौके पर उपस्थित थे एवं अत्यंत चिंतित थे। कमरे के अंदर झांककर देखा गया तो महिला साड़ी के फंदे से लटकी हुई दिखाई दी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बिना विलंब के वैकल्पिक उपाय अपनाते हुए कमरे की छत पर लगे टीनशेड को हटाकर अंदर प्रवेश किया। तत्पश्चात सावधानीपूर्वक महिला को फंदे से उतारकर बाहर निकाला गया। महिला में उस समय हल्की सांस चल रही थी, जिसे तुरंत थाना वाहन से जिला चिकित्सालय अशोकनगर पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों द्वारा तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया।

13000 वर्गफीट में बनने वाले भवन में होगी सुविधाएं

## भाजपा स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार 6 अप्रैल को 47वां स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में जिले भर में जिला कार्यालय से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा झंडा वंदन किया गया।

जिला कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान प्रातः 10 बजे भाजपा के नवीन जिला कार्यालय भवन बायपास रोड महिला थाने के सामने के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल द्वारा वर्चुअल भूमि पूजन किया गया। इस दौरान यहां आयोजित कार्यक्रम में सभी ने सीधे प्रसारण के माध्यम से देखा सुना। इस दौरान जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी जिला संगठन प्रभारी एवं सागर विधायक शैलेंद्र जैन मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी पूर्व विधायक जजपाल सिंह,लड्डूराम कोरी, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जयकुमार सिंघई, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नारायण प्रसाद शर्मा, सिरनाम सिंह यादव, जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, शीला जाटव, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, सनत शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भाजपा का जिला कार्यालय 13000 वर्गफीट में निर्माण कराया जा रहा है। जो सर्व सुविधा युक्त होगा तथा निर्माण लगभग 1 वर्ष में पूर्ण होने की संभावना है।

## 13 दिन से जारी सफाई कर्मियों की हड़ताल खत्म 6 घंटे के हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद बनी सहमति



**अशोकनगर।** पिछली 24 मार्च से चंदेरी में चल रही सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच हुई 6 घंटे की तीखी नोक झोंक और लंबी चर्चा के बाद आखिरकार समाप्त हो गई। भीम आर्मी और वाल्मीकि एकता के बैनर तले नगर पालिका की तालाबंदी करने निकले प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने भारी घेराबंदी के बीच रोका, जिसके बाद मांगों पर सहमति बनी।

**छावनी में तब्दील रहा शहर, ड्रोन से रखी गई नजर**

सोमवार सुबह से ही चंदेरी नगर में तनाव का माहौल देखा गया। भीम आर्मी के प्रदेश संयोजक सुनील बैरसिया के नेतृत्व में नगर पालिका के घेराव के आवाहन को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर था। शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। आंदोलनकारियों की हर गतिविधि पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से पैनी नजर रखी जा रही थी।

दोपहर करीब 2:30 बजे जब सफाई कर्मी और भीम आर्मी के कार्यकर्ता नगर पालिका की ओर बढ़े, तो पुलिस ने उन्हें रेस्ट हाउस के पास ही रोक लिया। यहाँ प्रदर्शनकारियों और अधिकारियों के बीच जमकर बहस हुई। कार्यकर्ता नगर पालिका कार्यालय पर ही ज्ञापन देने की जिद पर अड़े रहे, जिसके बाद प्रशासन ने उन्हें वहां जाने की अनुमति दी। नगर पालिका परिसर में एसडीएम मनीष धनगर और एसडीओपी महेश शर्मा की मौजूदगी में करीब 8 से 10 सूत्रीय मांगों पर बिंदुवार चर्चा हुई।

### खास बातें

- प्रशासन ने फरवरी माह तक का रुका हुआ वेतन तत्काल क्लियर करने का आश्वासन दिया।
- सफाई दरोगा रवि खन्ना को हटाने की मांग पर एसडीएम ने स्पष्ट किया कि स्थानांतरण शासन स्तर का विषय है, इसके लिए वरिष्ठ कार्यालय को पत्राचार किया जाएगा।
- सफाई कर्मी रूपेश गवरी को वापस काम पर रखने के लिए पंचनामा और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया गया।
- वार्ता सफल होने के बाद सफाई कर्मियों ने मंगलवार से काम पर लौटने का निर्णय लिया है।
- हड़ताल के दौरान के 13 दिनों का वेतन देने की मांग को प्रशासन ने सिरे से खारिज कर दिया।

### मनीष जैन बने पाश्र्व जैन मिलन अध्यक्ष

## वार्षिक स्नेह मिलन समारोह के साथ चुनाव भी संपन्न कराए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 12 की शाखा पाश्र्व जैन मिलन अशोकनगर का वार्षिक परिवार मिलन समारोह रविवार को कांसल फार्म हाउस पर आयोजित किया गया। इस मिलन समारोह में शाखा के सभी सदस्यों ने सपरिवार सम्मलित होकर गेम खेले उन्हें। गेम के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए।

इसमें शहर की सभी पांचों जैन मिलन शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री कोषाध्यक्ष भी शामिल हुए और जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल एवं मंत्री राकेश अमरोद,पूर्व अध्यक्ष रमेश चैधरी तथा पाश्र्वनाथ मंदिर के संयोजक एवं भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष मनोज रन्नौद ,शांति नगर मंदिर के संयोजक श्रेयांश जिला वैश्य सम्मेलन के अध्यक्ष हरीश जैन बल्ला सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने शाखा के संस्थापक अध्यक्ष राष्ट्रीय मंत्री नरेश चंद्र जैन, शाखा अध्यक्ष नीरज जैन, शाखा मंत्री सोरभ जैन से स्नेह पूर्ण मुलाकात की तथा शाखा के सेवा कार्यो की सराहना करते हुए उन्नति की कामना की। पाश्र्व जैन मिलन के वार्षिक निर्वाचन की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता निर्वाचन अधिकारी सुभाष जैन केंची बीड़ी ने की उनके साथ सहायक के रूप में सुनील जैन धन्नू एवं निर्मल जैन क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष थे। मीटिंग महावीर प्रार्थना के साथ प्रारंभ हुई चुनाव अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई ।

## कलेक्टर ओलावृष्टि प्रभावित गांवों में पहुंचे

**फसल क्षति आकलन किए जाने के निर्देश, नरवाई प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरुक किए जाने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



विगत दिनों जिले में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सोमवार को प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर भ्रमण किया।

इस दौरान ग्राम दमदमा चक्क एवं ग्राम जसैया में ओलावृष्टि से गेहूँ की फसल को हुए नुकसान का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया कि प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही कृषकों की फार्मर आईडी तत्काल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषकों को बताया कि फार्मर आईडी एक यूनिक डिजिटल आईडी है। जिसमें सरकारी योजनाओं पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, केसीसी ऋण एवं ई विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक का वितरण आदि लाभ आसानी से मिल सकेगा । कृषकों को गेहूं की फसल कटाई के बाद खेत में बचा हुआ नरवाई (फसल अवशेष) नहीं जलाने के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नरवाई प्रबंधन के प्रति अधिक से अधिक किसानों को जागरूक किया जाए।

### समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

अशोकनगर। सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समन्वय आवश्यक है। आमजन से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई के आवेदनों का निराकरण विभागों द्वारा किया जाकर साप्ताहिक जानकारी अपडेट रखी जाए। जिले में चना,मसूर एवं सरसों के उपार्जन का कार्य सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए। उन्होंने क्षतिग्रस्त स्कूलों एवं भवनों के संबंध में निर्देशित किया कि कोई भी स्कूल क्षतिग्रस्त भवन में न लगे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय,केन्द्रीय मंत्री,प्रभारी मंत्री,वरीष्ठ कार्यालय, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों पर त्वरित कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।उन्होंने पीएम आवास के संबंध में जनपद वार समीक्षा की।बैठक में आई गोट पोर्टल पर 8 अप्रैल तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लिये जाने वाले प्रशिक्षण के संबंध में निर्देशित किया।

### श्री महावीर बाल विद्या निकेतन पिपरई का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



अशोकनगर। श्री महावीर बाल विद्या निकेतन पिपरई के कक्षा एलकेजी से कक्षा 7 के परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। विद्यालय के प्राचार्य ए.के जैन एवं शिक्षक डी.पी व अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ए.के जैन ने कहा कि कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा 7 के सभी बच्चे पास हुए जिनमें यूकेजी में नैना विश्वकर्मा कक्षा एक से आयुष यादव कथा 2 से सोनम नायक कथा 3 से महक सेन, कथा 4 से सक्षम यादव कथा 5वीं से राधिका कुशवाह कथा 6वीं काजल अहिरवार 7वी कक्षा से पलक पटेल ने ए प्लस ग्रेड से पास हुए हैं। विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है।

## भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया



**अशोकनगर।** भारतीय किसान संघ ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों की मांग है कि उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौंपा गया।

**किसानों की ये मांगें**

अशोकनगर जिले में रवि एवं खरीफ की फसलो की मानक उत्पादन क्षमता बढ़ाई जाये जिससे किसानों की पूरी फसल उपार्जन केंद्र पर बिक सके और बीमा के दायरे में भी आ सकें।

अशोकनगर जिले में राजघाट बांध है बांध से अशोकनगर जिले में नहर लाई जावे जिससे अशोकनगर जिले की सम्पूर्ण भूमि सिंचित हो सके जिले में जल स्तर काफी नीचे जा चुका है एवं नहर को सिंध नदी से जोड़ा जाये इससे नदी से नदी जोड़ने का कार्य भी होगा।

नवीन गल्ला मण्डी में तीन तौल कॉटे एवं पुरानी गल्ला मण्डी में एक और तौल कौंटा बढ़ाया जाये।

किसानों को निजी वेयर हाउस 8 कि.मी. तक तौल के लिये जाना पड़ता है जिससे किसानों समय और डीजल दीनों खर्च होते हैं किसानों की तौल मण्डी में ही कराई जाये एवं सभी तौल कॉटों पर रेट निर्धारित की जाये।

जिले में राजस्व विभाग के लंबित प्रकरण जैसे नामांकन, इंद्राज दुरुस्ती. बंटवारा. बंटांकन सीमांकन का शीघ्र निराकरण किया जावे।

जिले में किसानों की फार्म आईडी में पूरी जमीनों के सर्वे नं. नहीं दिखते है जिससे ई टोकन नहीं बन पा रहे हैं जिससे किसानों को खाद में परेशानी आयेगी। किसान को जो खाद आवश्यक हैवही दिया जावे। डीएपी, एनपीके 12:32:16 और यूरिया की पर्याप्त व्यवस्था समय से पहले की जावे और किसान को उसकी मॉग के अनुसार दिया जावे।

जिले में सभी उपार्जन केंद्रों पर समिति प्रबंधक को अभी से बारदाना, पानी, बैठनी को छाया की व्यवस्था हो जाये और सर्वेयर द्वारा तौल सुबह 9 बजे से चालू की जानी चाहिये। जिले में कटाई के समय बारिस होने से कुछ फसलों में काला धब्बा और पतला दाना पड़ने से उसको खरीदने में सर्वेयर द्वारा परेशान न किया जाये।


### जमीन किसी और की थी और पंजीयन किसी और के नाम

# समर्थन मूल्य खरीदी में फर्जी पंजीयन घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

सरकार भले ही भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए हर साल नई व्यवस्थाएं लागू करती है लेकिन जमीनी स्तर पर बैठे भ्रष्ट तत्व हर बार उसका तोड़ निकाल लेते हैं। इस बार समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदी के लिए हुए पंजीयन में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। ताज्जुब की बात यह है कि प्रशासन द्वारा री-सत्यापन (फिर से जांच) करने के बाद भी फर्जी पंजीयन कम होने के बजाय बढ़ गए हैं।

**जिम्मेदारों की मिलीभगत या लापरवाही?** सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुंगावली, ओडेर, मल्हारगढ़ और डोंगरा ग्राम सेहराई जैसे केंद्रों पर फर्जीवाड़े की परतें दिन-ब-दिन खुल रही हैं। हाल ही में ओडेर समिति में ऐसा मामला सामने आया जहां जमीन किसी और की थी और पंजीयन किसी और के नाम पर कर दिया गया। जब शिकायत हुई तो अधिकारियों ने सत्यापन की बात कही लेकिन आलम यह है कि फर्जी पंजीयन आज भी पोर्टल पर सत्यापित दिख रहे हैं। न तो इन



Print Date: 4/4/2026 2:33:43 PM

खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
रबी फ़सल के उपार्जन हेतु किसान पंजीयन पर्ची वर्ष 2026-27
समग्र सदस्य आईडी : 144145428

किसान की व्यक्तिगत जानकारी:-
किसान का नाम (हिंदी में) : सोनू दोहरे — पिता/पति का नाम (हिंदी में) : रामगोपाल दोहरे
किसान का नाम (इंग्लिश में) : SONU DOHRE — पिता/पति का नाम (इंग्लिश में) : RAMGOPAL DOHARE
जिला : अशोकनगर — तहसील : मुंगावली
ग्राम : अस्पत खेड़ी..... — पंजीयन दिनांक : 3/16/2026 9:57:00 PM
मोबाइल नं. : 8815748423 — किसान कोड : 263462400603
ऐग्रीस्टेक आई. डी. :
वर्ग : एस.सी. — आधार न. : Yes
नामिनी/नामांकित व्यक्ति की जानकारी :-
नामांकित व्यक्ति का नाम : — नामांकित व्यक्ति का मोबाइल नं. :
बैंक जानकारी : किसान का भुगतान आधार से लिंक खाते मे किया जायगा — पंजीयन केंद्र : सेवा सहकारी समिति मर्या० ओंडेर समिति मुख्यालय
किसान के बैंक खाते की जानकारी पासबुक अनुसार :-
बैंक का नाम : — बैंक शाखा का नाम :
बैंक खाता संख्या : 33647218204 — आई.एफ.एस.सी कोड : SBIN0030084

| जिला | तहसील | ग्राम/वन ग्राम | फसल | स्वयं/सिकमी | मूल भू-स्वामी/पट्टाधारी का नाम | पटवारी हल्का न. | खसरा क्र./पट्टा क्र. | रकबा | सिंचित रकबा (हेक्टेयर में) | असिंचित रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | ओमप्रकाश ब्रजभानसिंह,गीताबाई गुड्डीबाई,हरकुंवरबाई | 00026 | 177 | 3.375 | 3.375 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | रामदास | 00026 | 111 | 1.484 | 1.484 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | हरिराम,कीरतसिंह,गुडडीबाई | 00026 | 155 | 0.376 | 0.376 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | परमालसिंह हि 0.126है , लल्लू हि 0.140है पुत्रगण भैयालाल ,,शिवचरण पुत्र कार्शीराम हिस्सा 1.042, रामसखीबाई बेवा अजबसिंह विशाल रामबाबू श्यामबाबू सुमत बलराम | 00026 | 163/2 | 1.045 | 1.045 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | हरकुंअरबाई | 00026 | 181/2 | 4.128 | 4.128 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | कृपाराम,कृपाराम | 00026 | 69 | 1.035 | 1.035 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | हरकुंअरबाई | 00026 | 176/3 | 0.146 | 0.146 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | ओमप्रकाश | 00026 | 86/2 | 1.59 | 1.59 | 0 |
| | | | | | | | Total:- | 13.179 | 13.179 | 0 |

दिनांक: 3/16/2026 9:57:00 PM — कृषक के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान

पंजीयनों को निरस्त किया गया और न ही दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई हुई जिससे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**रकबा चोरी का खेल जांच के बाद कम होने के बजाय बढ़ गया रकबा**

पंजीयन घोटाले की शिकायतें जब मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 और जिला प्रशासन तक पहुँची तो दिखावे के लिए री-सत्यापन कराया गया लेकिन परिणाम चैंकाने वाले रहे जानकारी की माने तो रकबा कम होने की जगह और बढ़ गया। बड़ा सवाल यह है कि आखिर प्रशासन की नाक के नीचे इतने बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा कैसे हो रहा है? क्या पूर्व में हुई एफआईआर के बाद भी भू-माफियाओं और भ्रष्ट कर्मचारियों के मन से कानून का खौफ खत्म हो चुका है?

**ऐसे अंजाम दिया जाता है घोटाले को**

इस पूरे खेल में एक सोची-समझने रणनीति के तहत काम किया जाता है पोर्टल पर जमीन का असली मालिक कोई और होता है जबकि पंजीयन में नाम किसी और का दर्ज कर दिया जाता है। पंजीयनकर्ता अपने विश्वासपात्र लोगों के नाम जोड़ते हैं ताकि सरकार द्वारा खरीदी गई फसल की राशि सीधे उनके खातों में आए और वहां से सरलता से घोटालेबाजों तक पहुंच जाए पंजीयन की आखिरी तारीख तक जो वास्तविक किसान छूट जाते है उनके रकबे पर फर्जी लोगों के नाम चढ़ा दिए जाते हैं।

### लाखों की लूट की तैयारी

पंजीयन का यह फर्जीवाड़ा सीधे तौर पर शासन के खजाने और वास्तविक किसानों के हक पर डाका है। बिना सत्यापन के पंजीयन को हरी झंडी देना यह दर्शाता है कि यह खेल बिना ऊंचे रसूख और विभागीय मिलीभगत के संभव नहीं है। अब देखना यह होगा कि क्या जिला प्रशासन इन फर्जी पंजीयनों को निरस्त कर दोषियों को जेल भेजता है या फिर किसानों के नाम पर सरकारी धन की यह बंदरबांट यूं ही चलती रहेगी। फर्जी पंजीयन मामले में जब जांच की गई तो करीब एक दर्जन ऐसे नाम सामने आए जिनका फर्जी पंजीयन पाया गया,जिसका री सत्यापन प्रशासन द्वारा किया जा रहा है,वही अब सवाल यह उठता है कि फर्जी पंजीयन मामले में जिम्मेदार गंभीरता से इस मामले को क्यों नहीं ले रही रही है।

### इनका कहना है

पंजीयन मामले में उप सहकारिता ओर सहकारी बैंक को जांच के लिए लिखा है साथ ही इस मामले में मुंगावली एसडीएम जांच कर रहे हैं।

**प्राची शर्मा जिला** खाद्य अधिकारी अशोकनगर